महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE


**विकसित भारत के लिए समर्पित होकर काम करें : प्रो. शर्मा**

**हिंदी विवि में चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती पर कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने किया अभिवादन**

वर्धा, 23 जुलाई 2025: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती पर अभिवादन कार्यक्रम में कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने कहा कि अपने जीवन में चंद्रशेखर आज़ाद जैसे स्वतंत्रता सेनानियों का आचरण





ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होंगी। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के लिए विद्यार्थियों में जज्बा और निष्ठा पैदा होनी चाहिए और देश के लिए समर्पित होकर काम करना चाहिए। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में वर्धा शहर के महत्व को अधोरेखित करते हुए कहा कि इस पवित्र धरती से हमारे मन मानस में चेतना और ऊर्जा का संचार होता है। विश्वविद्यालय से निरंतर संवाद बनाए रखने का आह्वान करते हुए कुलपति प्रो. शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय को अपना मानकर मानक स्थापित करने में योगदान देना चाहिए। बुधवार, 23 जुलाई को चंद्रशेखर आज़ाद छात्रावास में अभिवान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर चंद्रशेखर आज़ाद के फोटो पर माल्यार्पण किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के अध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर अभिवादन किया। छात्रावास की ओर से पौधा देकर कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य विद्यार्थी अभिषेक ने तथा संचालन विद्यार्थी यशवर्धन ने किया।

कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार, विधि विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, कुलानुशासन डॉ. राकेश कुमार मिश्र, मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. जयंत उपाध्याय, छात्रावास अधीक्षक डॉ. जगदीश नारायण तिवारी एवं डॉ. अभिषेक कुमार सिंह सहायक प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र बाबू, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. परिमल प्रियदर्शी, डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय, जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे, नितीन गावंडे आदि सहित बड़ी संख्या में विभिन्न छात्रावासों के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।


पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

**विकसित भारतासाठी समर्पित होऊन काम करा : प्रो. शर्मा**

**हिंदी विश्वविद्यालयात चंद्रशेखर आझाद जयंतीनिमित्त कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांनीकेले अभिवादन**

वर्धा, २३ जुलै २०२५: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात महान स्वातंत्र्यसंग्राम सेनानी चंद्रशेखर आझाद यांच्या जयंतीनिमित्त अभिवादन कार्यक्रम आयोजित करण्यात आला. या वेळी कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा म्हणाल्या की चंद्रशेखर आझाद यांसारख्या स्वातंत्र्यसैनिकांचे आचरण आपल्या जीवनातउतरवणे हीच त्यांना खरी श्रद्धांजली ठरेल. विद्यार्थ्यांना संबोधित करताना म्हणाल्या की विकसित भारतासाठी विद्यार्थ्यांमध्ये जिद्द, निष्ठा आणि देशासाठी समर्पणाची भावना निर्माण होणे आवश्यक आहे. वर्धा शहराच्या स्वातंत्र्यलढ्यातील ऐतिहासिक भूमिकेचा उल्लेख करत कुलगुरूंनी सांगितले की, या पवित्र भूमीतून आपल्या मनात जागरूकता आणि ऊर्जा निर्माण होते. विश्वविद्यालयाशी सातत्याने संवाद ठेवण्याचे आवाहन करताना त्या म्हणाल्या की विश्वविद्यालयाला आपले समजून उत्तम दर्जा निर्माण करण्यात प्रत्येकाने आपले योगदान द्यावा.

बुधवार, २३ जुलै रोजी चंद्रशेखर आझाद वसतिगृहात आयोजित कार्यक्रमात कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांनी दीपप्रज्ज्वलन करून चंद्रशेखर आझाद यांच्या प्रतिमेला पुष्पहार अर्पण केला. या प्रसंगी विश्वविद्यालयाचे प्राध्यापक, शोधार्थी व विद्यार्थी यांनी पुष्पांजली अर्पण करून अभिवादन केले. कुलगुरूंचे स्वागत रोपटे देऊन करण्यात आले. कार्यक्रमाचे स्वागत भाषण विद्यार्थी अभिषेक यांनी केले तर संचालन विद्यार्थी यशवर्धन यांनी केले. कार्यक्रमात छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार, विधी विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, कुलानुशासन डॉ. राकेश कुमार मिश्र, मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. जयंत उपाध्याय, छात्रावास अधीक्षक डॉ. जगदीश नारायण तिवारी व डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, सहायक प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र बाबू, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. परिमल प्रियदर्शी, डॉ. सूर्यप्रकाश पांडे, जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे, नितीन गावंडे यांच्यासह शोधार्थी व विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.